No. of Printed Pages : 12 **BECC–101**

# BACHELOR OF ARTS (HONOURS) ECONOMICS (BAECH)

## Term-End Examination

## June, 2026

## BECC-101 : INTRODUCTORY MICRO ECONOMICS

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

---

***Note :*** *Answer questions from all the Sections as per instruction given :*

*(i)* ***Section A*** *: Answer any* ***two*** *questions from this Section.*

*(ii)* ***Section B*** *: Answer any* ***four*** *questions from this Section.*

*(iii)* ***Section C*** *: Answer both the questions.*

---

## Section—A

1. (a) 'An economy produces on the PPC (Production Possibility Curve) rather than anywhere inside it'. Discuss. 10

   (b) Define consumer surplus. How is it calculated ? Do all consumers receive the same level of consumer surplus ? 10

2. (a) If elasticity of demand is 1/3 and price at 100 units of sales is ₹ 40, find the value of marginal revenue. 10

   (b) In the law of variable proportion, the second stage emerges as the relevant stage for the producer to operate. Why ? Explain. (Diagram is required) 10

3. Derive the consumer's demand curve for good-X (a normal good), when : 10+10

   (i) Real income is kept constant

   (ii) Money income is kept constant

4. (a) Do you agree that a firm's choice of output is independent of its fixed costs ? What happens to profits ? 10

(b) Define the fundamental role of the marginal cost in achieving efficiency in a perfectly competitive market. 10

## Section—B

5. Given the demand and supply functions for labour hours as below : 12

$$L^S = 10\ W$$

$$L^D = 600 - 10\ W$$

where, W is the wage rate per hour of labour and $L^S$ and $L^D$ are respectively the supply and demand of labour in millions of labour hours.

(i) Determine the free market wage rate and employment.

(ii) Now, suppose that the government fixes the minimum wage rate at ₹ 40 per labour hour (a wage floor). How would the employment of labour hours be effected ?

6. (a) An individual spends whole of his income on two goods X and Y. Suppose an increase in price of X induces an increase in demand for commodity (good) Y. Can you infer anything about the price elasticity of demand for good X ? Explain. 6

(b) The total utility at different levels of consumption is as given below : 6

| Units Consumed | Total Utility |
|---|---|
| 1 | 20 |
| 5 | 60 |
| 10 | 85 |

If the price is fixed at ₹ 10 per unit, determine the equilibrium level of demand.

7. (a) How can Hicksian demand curve for Giffen good be derived from indifference curve approach ? (Diagram is required). 6

(b) Discuss the constraint output maximization with the help of iso-quant curve and iso-cost line. 6

8. Explain the Slutsky's method of decomposing the price effect into substitution and the income-effects for a normal good. 12

9. (a) Explain the shutdown point under perfect competition with the help of a diagram. 6

(b) Explain the relationship between long-run marginal cost and short-run marginal cost. (Diagram is required) 6

10. Write short notes on the following : 6+6

(i) Comparison of monopoly with perfect competition

(ii) Kinked demand curve

## Section—C

11. State the distinction between modern theory of rent and the Marshallian theory of rent. 6

12. Explain the concept of Lemon-problem. 6

# BECC–101

## कला स्नातक (ऑनर्स) अर्थशास्त्र

## (बी. ए. ई. सी. एच.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

## बी.ई.सी.सी.–101 : परिचयात्मक

## व्यष्टि अर्थशास्त्र

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *सभी खण्डों से यथानिर्देश प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(i)* ***खण्ड–क :*** *किन्हीं* **दो** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(ii)* ***खण्ड–ख :*** *किन्हीं* **चार** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(iii)* ***खण्ड–ग :*** ***दोनों*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

---

## खण्ड—क

1. (अ) 'कोई भी अर्थव्यवस्था PPC (उत्पादन सम्भावना वक्र) पर उत्पादन करती है न कि उसके अन्दर कहीं और' चर्चा कीजिए। 10

   (ब) उपभोक्ता अधिशेष को परिभाषित कीजिए। इसकी गणना कैसे की जाती है ? क्या सभी उपभोक्ताओं को समान स्तर का उपभोक्ता अधिशेष प्राप्त होता है ? 10

2. (अ) माँग की लोच 1/3 है और 100 इकाइयों का मूल्य ₹ 40 है। सीमान्त आगम का मान ज्ञात कीजिए। 10

   (ब) परिवर्तनशील अनुपात के नियम में, द्वितीय अवस्था उत्पादक के संचालन के लिए प्रासंगिक चरण के रूप में प्रकट होता है। क्यों ? व्याख्या कीजिए। (आरेख आवश्यक है) 10

3. वस्तु-X (एक सामान्य वस्तु) के लिए उपभोक्ता माँग वक्र व्युत्पन्न कीजिए जब : 10+10

   (i) वास्तविक आय को स्थिर रखा जाता है।

   (ii) मुद्रा आय को स्थिर रखा जाता है।

4. (अ) क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि फर्म के उत्पादन का चुनाव उसकी निश्चित (स्थिर) लागतों से स्वतंत्र है। लाभ का क्या होता है ? 10

(ब) पूर्ण प्रतियोगी बाजार में दक्षता प्राप्त करने के लिए सीमान्त लागत की बुनियादी भूमिका को परिभाषित कीजिए। 10

## खण्ड—ख

5. श्रम घंटों के लिए माँग और पूर्ति फलन नीचे दिए गए हैं : 12

$$L^S = 10\ W$$

$$L^D = 600 - 10\ W$$

जहाँ, W प्रतिघंटे श्रम की मजदूरी दर है तथा $L^S$ और $L^D$ क्रमशः लाखों श्रम घंटों में श्रम की पूर्ति और माँग को दर्शाता है।

(i) स्वतंत्र बाजार मजदूरी दर तथा रोजगार का निर्धारण कीजिए।

(ii) अब, मान लीजिए कि सरकार न्यूनतम मजदूरी दर ₹ 40 प्रति घंटा तय करती है, तो श्रम घंटों का रोजगार कैसे प्रभावित होगा ?

6. (अ) एक व्यक्ति अपनी सम्पूर्ण आय को दो वस्तुओं X और Y पर खर्च करता है। माना कि X की कीमत में वृद्धि से वस्तु Y की माँग में वृद्धि होती है। क्या आप वस्तु X की माँग की कीमत लोच के बारे में कोई अनुमान लगा सकते हैं ? स्पष्ट कीजिए। 6

(ब) उपभोग के विभिन्न स्तरों पर कुल उपयोगिता नीचे दी गई है : 6

| **उपभोग की गई इकाइयाँ** | **कुल उपयोगिता** |
|---|---|
| 1 | 20 |
| 5 | 60 |
| 10 | 85 |

यदि कीमत ₹ 10 प्रति इकाई तय की जाती है तो माँग का साम्य स्तर निर्धारित कीजिए।

7. (अ) गिफिन वस्तु के लिए हिक्सियन माँग वक्र को उदासीनता वक्र दृष्टिकोण से कैसे व्युत्पन्न किया जा सकता है ? (रेखाचित्र आवश्यक है) 6

(ब) समोत्पाद वक्र तथा सम–लागत रेखा की सहायता से प्रतिबंधित उत्पादन अधिकतमकरण पर चर्चा कीजिए। 6

8. सामान्य वस्तु के लिए कीमत प्रभाव को प्रतिस्थापन प्रभाव और आय प्रभाव में विभक्त करने की स्लट्स्की की विधि की व्याख्या कीजिए। 12

9. (अ) पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत व्यवसाय बन्द (नति परिवर्तन) बिन्दु को एक आरेख की सहायता से स्पष्ट कीजिए। 6

(ब) दीर्घकालीन सीमान्त लागत तथा अल्पकालीन सीमान्त लागत के मध्य सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए। (आरेख आवश्यक है)। 6

10. निम्नलिखित पर लघु टिप्पणियाँ लिखिए : 6+6

(i) पूर्ण प्रतियोगिता के साथ एकाधिकारी की तुलना

(ii) विकुंचित माँग वक्र

## खण्ड—ग

11. लगान के आधुनिक सिद्धान्त और मार्शल के लगान सिद्धान के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए। 6

12. लैमन समस्या की अवधारण की व्याख्या कीजिए। 6

× × × × ×